सत्यं शिवं सुन्दरम् (?)
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केंद्रीय विद्यालय संगठन
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)
क्षेत्रीय कार्यालय, आई.आई.टी.कैम्पस, पवई, मुंबई - 400076.
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
(Under Min. of HRD, Govt. of India)
Regional Office. I.I.T. Campus, Powai, Mumbai-400 076.
दूरभाष / Tel. (022) 25728060,25722328,
वेबसाइट/Website:www.kvsromumbai.gov.in
ई.मेल/E.mail:kvsmumbairegion@gmail.com,dcromumbai@kvsedu.org

फा.सं.27029/संदेश/2019-20/मुं.सं./उपायुक्त/

दिनांक: 05 सितंबर, 2019

संदेश

आज शिक्षक दिवस है और इस अवसर पर सर्वप्रथम मैं आप सभी को इसकी हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ |

आप सभी देश के भविष्य के निर्माता हैं | आप वे माली हैं जो विद्यालयों में नव प्रफुल्लित होने वाले विद्यार्थी रूपी पुष्पों को विद्या रूपी खाद व ज्ञान रूपी जल से सींच कर उन्हें देश का एक आदर्श नागरिक बनाते हैं | आप सभी के लिए किसी ने सही कहा है कि आप सभी अभिभावकों से भी महान होते हैं | अभिभावक केवल बच्चों को जन्म देते हैं किंतु आप उनके चरित्र और व्यक्तित्व को अपने ज्ञान से निखार कर उनका उज्ज्वल भविष्य बनाते हैं | आप उनकी प्रेरणा के स्रोत होते हैं जो उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते रहते हैं | जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना करते हुए कैसे उन पर विजय प्राप्त करनी है, ये गुण सिखाने की कला केवल आप में ही है | आपके बारे में डॉ. अब्दुल कलाम जी ने कहा है कि -

" एक अच्छा शिक्षक आशा को जगाता है, कल्पना को प्रज्वलित करता है और सीखने का प्यार बढ़ाता है | "

आज शिक्षा के क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय संगठन देश के अग्रणी शैक्षिक संस्थानों में से एक है जो लगातार सफलता के नित नए आयामों को छू रहा है | केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी ऊंचे-ऊंचे सरकारी पदों पर आसीन होकर भारत को पूरे विश्व में नई बुलंदियों तक ले जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं | इसके अतिरिक्त खेल जगत और अन्य क्षेत्रों में भी हमारे विद्यार्थियों की उपलब्धियों और उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता है जिसके पीछे आप सभी की अथक मेहनत रही है | मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने निरंतर प्रयासों से भारत को योग्य और होनहार नागरिक प्रदान कर विश्व में एक अलग पहचान बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाओगे |

अंत में एक बार फिर से आप सभी को मेरी ओर से शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ |

(अरुणा प्रेम भल्ला)
उपायुक्त